हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

www.livehindustan.com

गुरुवार, 14 नवंबर 2019, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

सेक्टर-16 फिल्म सिटी में बुधवार फिल्म फेस्टिवल के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में उत्पाद देखती युवतियां। ● ईश्वर

फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत

नोएडा। सेक्टर-16 फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में बुधवार से तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल शुरू हो गया। दावा है कि फेस्टिवल में 145 देशों की कलाकार शामिल होंगे। लव स्टोरी, बेताब, अंजाम और अर्जुन पंडित जैसी फिल्मों के निर्देशक राहुल रवैल ने फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन किया।

समारोह के पहले दिन के कार्यक्रमों में फीचर फिल्म 'ईरान' दिखाई गई। साथ ही, इकबाल कृष्ण की पेंटिंग प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान 'ए वॉल्क इन द कॉरिडोर ऑफ एटर्निटी' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बोस्निया और हर्जेगोविना के राजदूत मोहम्मद सेनजिक, स्टेट कमेटी उज्बेकिस्तान के ज्वाइंट सेकेटरी तुमुर्बेक एनवाबिकोवा, रंजीत कपूर, रघुनाथ मानेत, उषा देशपांडे, समीक्षा भटनागर और विवेक पॉल आदि उपस्थित थे।